माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, 247120)

https://msuniversity.ac.in Email: fo@msuniversity.ac.in

पत्रांकः 537 /वित्त/2024–25 दिनांक– 12 .07.2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

महोदय,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक दिनांक 14.06.2024 में प्रस्ताव सं0–10(ख) पर समिति द्वारा निम्न संकल्प (मा0 कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 05.07.2024 में अनुमोदित) पारित किया गया है–

''समिति द्वारा सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि सैद्धान्तिक परीक्षा केन्द्र की भांति ही प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र हेतु भी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों हेतु रू0 15/– प्रति परीक्षार्थी की दर से गणना कर एकमुश्त धनराशि प्रदान की जायेगी। इसके अतिरिक्त शासनादेश दिनांक 09 मार्च, 2019 में वर्णित दरो के अनुसार प्रयोगशाला सहायक हेतु रू0 30/– प्रतिदिन तथा प्रयोगशाला परिचर हेतु रू0 20/– प्रतिदिन की दर से वास्तविक कार्य के आधार पर मानदेय प्रदान किया जायेगा। परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की ड्यूटी की अनुमन्यता के संबंध में परीक्षा समिति की संस्तुति प्राप्त होने के उपरान्त ही भुगतान के संबंध में निर्णय हो सकेगा।''

अतः आप कृपया प्रायोगिक परीक्षा के देयक तद्नुसार ही तैयार कराकर विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

12.7.24

वित्त अधिकारी

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–
1. कुलसचिव।
2. परीक्षा नियंत्रक।
3. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

वित्त अधिकारी